राज्यपाल सचिवालय
राजभवन, जयपुर

पूर्व राज्यपाल श्री कल्याण सिंह के निधन पर शोकाभिव्यक्ति

जयपुर, 23 अगस्त। राजस्थान के पूर्व राज्यपाल श्री कल्याण सिंह के देहावसान पर राजभवन में सोमवार को दो मिनट का मौन रख कर शोकाभिव्यक्ति की गई। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने स्व. कल्याण सिंह के साथ बिताए समय को याद करते उन्हें भावांजलि दी।

राज्यपाल के सचिव श्री सुबीर कुमार, प्रमुख विशेषाधिकारी श्री गोविंदराम जायसवाल सहित राजभवन के अधिकारी–कर्मचारियों ने भी उन्हें नमन कर दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की।